# समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, बोकारो।

## आदेश–पत्रक

(देखें अभिलेख हस्तक, 1941 का नियम 129)

आदेश पत्रक ता0 22/08/16 से तक

जिला-- बोकारो केश सं0– 13/2016

केश का प्रकार– अधिहरण वाद

| आदेश क्रम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गयी कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|
| 22/08/16 | पुलिस अधीक्षक, बोकारो के पत्रांक– 3584/अप0शा0, दिनांक–29.07.2016 के द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम– 1955 की धारा– 7 के अन्तर्गत जब्त किए गए किरासन तेल अधिहरण करने हेतु अनुरोध किया गया है।<br>पुलिस अधीक्षक, बोकारो द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि अनुसंधानकर्त्ता पु0अ0नि0 पूर्ण चन्द्र देवगम, गोमिया थाना के द्वारा गोमिया थाना काण्ड सं0–28/16, दिनांक–28.03.2016, धारा–7 आवश्यक वस्तु अधिनियम में जप्त टाटा मैजिक सं0–JH01-BX-3325 जिस पर लदे किरासन तेल से भरा 220 लीटर वाला कुल आठ ड्राम में 200 लीटर भरा हुआ कुल मात्रा 1600 लीटर नीला किरासन तेल का राज्यसात हेतु प्रस्ताव समर्पित किया गया है। जाँच के क्रम में 1600 (एक हजार छः सौ) लीटर ब्लु रंग का किरासन तेल कालाबाजारी करने के उद्देश्य से अवैध रूप से भंडारित पाया गया। इसके लिए गाड़ी के मालिक 1. श्री बैद्यनाथ चन्द्र दे 2. रावल कुमार दे एवं 3. अनुज्ञप्ति सं0–2/91 के विक्रेता कलीमउदीन के विरूद्ध किरासन तेल कालाबाजारी करने के आरोप में आवश्यक वस्तु अधिनियम– 1955 की धारा–7 के तहत गोमियां थाना कांड संख्या–28/16 दिनांक–28.03.2016 दर्ज करते हुए जप्त किरासन तेल को थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया।<br>जब्त किरासन तेल अधिक मुनाफा कमाने हेतु कालाबाजारी के लिए अवैध रूप से रखा गया था जो आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं अनुज्ञा एकीकरण आदेश का स्पष्ट उल्लंघन एवं दण्डनीय अपराध है।<br>चूँकि किरासन तेल नाशवान वस्तु है एवं एक ही स्थान पर अधिक दिनों तक रहने से सहज ही नष्ट होने की सम्भावना बनी रहती है। अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में संतुष्ट होकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 (ए) (2) के अन्तर्गत शक्ति का प्रयोग करते हुए आदेश देता हूँ कि थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखे गए जब्त किरासन तेल को नियमानुसार शीघ्र बिक्री करवाने की व्यवस्था अनुमण्डल पदाधिकारी, बेरमो (तेनुघाट) अपनी देख–रेख में सुनिश्चित करेंगे तथा प्राप्त राशि नजारत में जमा रखेंगे। तदनुसार आदेश निर्गत करें। | 23/08/16 |

गोमियां थाना मे दर्ज प्राथमिकी धारा–7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत विपक्षी के विरूद्ध दायर किया गया हैं। अतः आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 की धारा–6 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए विपक्षी को आदेश दिया जाता है कि वे दिनांक–27/09/16 को 11.00 बजे पूर्वाह्न स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना कारण पृच्छा प्रस्तुत करें कि क्यों नहीं अनियमितता के कारण जब्त किरासन तेल आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा–6 (ए) के अन्तर्गत अधिहरण कर लिया जाय। प्रतिवेदन में विपक्षी का पता अंकित नहीं है जिससे की उन्हें नोटिस भेजा जा सके। अतः अनुसंधानकर्त्ता को आदेश दिया जाता है कि विपक्षी को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होने सें संबंधित नोटिस का तामिला करवाना सुनिश्चित करेंगें तथा थाना परिसर में रखे गये जप्त किरासन तेल को बिक्री हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, बेरमों (तेनुघाट) एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, गोमियां से समन्वय स्थापित करेंगें।

लेखापित एवं संशोधित।

Roy 22/8/16
समाहर्त्ता–सह जिला दण्डाधिकारी,
बोकारो।

Roy 22/8/16
समाहर्त्ता–सह जिला दण्डाधिकारी,
बोकारो।

188/ofc 22/8/16 to S.P. Bokaro, SDO Bermo, BSO Gomia
186 notice 22/8/16
187/ofc 22/8/16 to ... for serving notice

27/09/16

विपक्षी अनुपस्थित हैं।
पीठासीन पदा० अन्य कार्य में व्यस्त हैं।
To 28/10/16

प्रभारी पदा०

28/10/16

विपक्षी अनुपस्थित।
पीठासीन पदा० अन्य कार्य में व्यस्त।
To. 16/12/16

प्रभारी पदा०

16/12/16

विपक्षी अनुपस्थित।
पीठासीन पदा० अन्य कार्य में व्यस्त।
To 20/01/17

प्रभारी पदा०

20/01/17

विपक्षी अनुपस्थित।
अनु० पदा०, बेरमो (तेनुघाट) के पत्रांक - 08 (आ०) दिनांक 17/12/16 से अनुपालन प्रतिवेदन प्राप्त है। पीठासीन पदा० अन्य कार्य में व्यस्त हैं।
To 17/02/17

प्रभारी पदा०

अनुसूची 14–फारम सं० 560

| आदेश कं. क्रम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ |
|---|---|---|
| 17/04/17 | अनु० पदा० चास (तेनुघाट) के पत्रांक - 08/[illegible] दिनांक 17/12/2016 से अनुपालन प्रतिवेदन प्राप्त है। विपक्षी अनुपस्थित। पीठासीन पदा० अन्य कार्य में व्यस्त। To. 07/04/17 — प्रभारी पदा० | |
| 07/04/17 | विपक्षी अनुपस्थित। पीठासीन पदा० अन्य कार्य में व्यस्त। To 26/05/17 — प्रभारी पदा० | |
| 26/05/17 | विपक्षी अनुपस्थित। 2nd party absent so order passed in default. Confiscation ordered. Ray 26/5/17 | 70/[illegible] 30/05/17 SP. Bokaro & SDO, Bermo (Tenughat) |

Digitally signed by VIJAYA NARAYANRAO JADHAV
Date: 2025.03.07 16:04:47 +05:30
Location: 192.168.1.104